महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की वर्ष 2016–17 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

महिलाओं एवं बच्चों के समुचित विकास तथा उनसे सम्बन्धित योजनाओं को विस्तृत रूप देने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग दृढ़ संकल्पित है। विभाग द्वारा राज्य व केन्द्र स्तर पर सीधे नियन्त्रण में तथा इसके संरक्षण में कार्य कर रहे हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड, हरियाणा महिला आयोग तथा हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को वित्तीय सहायता देकर तथा अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न योजनाएं चलाई गई।

सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यह शान से रह सकें और वह हिंसा एंव भेदभाव मुक्त वातावरण में विकास प्रकिया में बराबरी का योगदान दे सके। बच्चें हमारे समाज का भविष्य है। बच्चों की अच्छी देखभाल के साथ एक सुरक्षित वातावरण में विकास की पूर्ण सुविधाओं में पले बढें बच्चे एक स्वस्थ राष्ट् बनाते है । इसलिए नितियों की पहल और कार्यक्रमों, बच्चों के अधिकारों बारे जागृति फैलाने, और उनकी शिक्षा, पोषाहार, संस्थात्मक सहायता आदि के माध्यम से बच्चों का विकास देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करना विभाग की र्स्वोच्च प्राथमिकता है ।

बजट व्यवस्था

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के वर्ष 2016–17 के मूल बजट में कुल 1227.85 करोड़ रू0 की राशि की व्यवस्था की गई, जिसमें से 549.81 करोड़ रू0 स्टेट प्लान तथा 456.94 करोड़ रू0 सैंट्रल प्लान तथा 221.10 करोड़ रू0 नान प्लान शीर्षो के अन्तर्गत रखे गये। विभाग का संशोधित बजट 1009.66 करोड़ रू0 था, इसमें से 463.77 करोड़ रू0 स्टेट प्लान, 326.34 करोड़ रू0 सैन्ट्रल प्लान तथा 219.55 करोड़ रू0 नान प्लान शीर्षो के अन्तर्गत रखे गए।

वर्ष 2016–17 में विभाग द्वारा स्टेट प्लान के अन्तर्गत 365.15 करोड़ रू0, सैन्ट्रल प्लान के अंतर्गत 243.61 करोड़ रू0 तथा नॉन प्लान के अन्तर्गत 214.31 करोड़ रू0 अर्थात कुल 823.07 करोड़ रू0 विभिन्न योजनाओं पर व्यय किए गए। वर्ष 2016–17 के दौरान बजट व्यवस्था एवं व्यय विवरण परिशिष्ट 'क' पर दिया गया है।

विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम/योजनाएं : –

1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को जिला पानीपत, हरियाणा से किया गया। जिसका उद्देश्य लडकियों के जन्म के प्रति सकारात्मकता, शिक्षा और पोषण देने के लिए सामाजिक सोच में परिवर्तन लाना है।

राज्य सरकार द्वारा किये गये प्रयत्नों के फलस्वरूप अच्छे नतीजे सामनें आये है और अन्य राज्यों के लिए रोल माडल बन गये। उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश सरकारो ने हरियाणा सरकार को अपनी सफलता कहानियां दिखाने तथा अपने अधिकारियों को उत्साहित करने हेतू हरियाणा सरकार को निमंत्रित किया। 2011 की जनगणना अनुसार लिग अनुपात 830 था जो बढ़कर 940 तक पहुँच गया है। लिंगानुपात

में सुधार के फल स्वरूप पहचान देने हेतू भारत सरकार द्वारा हरियाणा सरकार को दिनांक 8.3.2016 को राष्ट्रपति भवन में नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिला यमुनानगर को बालिका शिक्षा क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 21.1.2017 को भारत सरकार द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

राज्य सरकार द्वारा बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सामुदायिक, सामाजिक तथा गैर सरकारी संस्थाओं को एक ही मंच पर एकत्रित करने के लिये निम्न कदम उठाये गये :–

1. 56407 जागरूकता रैलियां निकाली गई।
2. 471937 लड़कियों के जन्म दिवस पर लोहडी कार्यक्रम मनाया गया
3. 8026 विभिन्न गतिविधियां जैसे कि नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।
4. 21003 गुडडा–गुडडी बोर्ड मे लगाये गये ।
5. 5803 फिल्मों का आयोजन किया गया ।
6. 39937 प्रभात फेरियां निकाली गई।
7. 8483 कठपुतली शो आयोजित किये गये।
8. 50125 हस्ताक्षर अभियान बोर्ड लगाये गये।
9. 92371 स्वास्थय कैम्प / बेबी शो का आयोजन किया गया।
10. बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ, पर डाक्टरों, पंचायती राज के सदस्यों, गैर सरकारी संस्थाओं, साक्षर महिला समूह, आंगनवाड़ी वर्कर, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिये orientation कार्यक्रंम का आयोजन किया गया। राज्य स्तर, जिला स्तर तथा ब्लॉक स्तर पर लाभप्राप्तकताओं के लिये विभिन्न प्रशिक्षण, संवेदना तथा आपसी चर्चा तथा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
11. गर्भवती महिलाओं की डायरेक्ट्री तैयार की गई और 80,000 गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य एंव पौषाहार विषयों पर एस0एम0एस0 किए गए।
12. पी. एस. आई. के सहंयोग से Gender Based Violence and Support Service विषय पर प्रशिक्षको का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।
13. विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित जो योजनाएं चलाई जा रही है, का एक सग्रह तैयार किया गया ।
14. कार्य स्थल पर यौन पीड़ित महिलाओं पर सरकारी एंव गैर सरकारी संस्थानो के लिए राज्य स्तर पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
15. महिलाओं के स्वच्छता पहलू को ध्यान में रखते हुए महिला एंव बाल विकास, स्वास्थ्य एंव शिक्षा विभाग के प्रशिक्षकों के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जोकि जिला स्तर तथा ब्लाक स्तर पर जन संचार एंव जागरूकता के लिए प्रशिक्षण देगें।
16. घरेलू हिंसा एंव यौन उत्पीड़ित महिलाओं के अस्तीत्व के संकट हस्तक्षेप से सम्बधित तकनीको पर मुम्बई में परामर्शदाताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया ।

- एक कदम आगे बढ़ाते हुए किशोरियों की व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए मासिक स्वच्छता (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तर पर मास्टर ट्रेनर को ट्रेनिंग दी गई, जो जिला व खण्ड स्तर पर किशोरियों को इस बारे जागरूक करेंगे।
- लिंग आधारित हिंसा व संबंधित अधिनियमों की जागरूकता हेतु राज्य, जिला व खण्ड स्तर पर विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन।
- जिला व खण्ड स्तर पर जिला परिषद मैम्बरों, सरपंचों व पंचों को जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन।

  योजना के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2016–17 के लिए 1000.00 लाख़ रु0 की राशि का प्रावधान किया गया और 306.35 लाख रू0 की राशि खर्च की गई।

राज्य सरकार द्वारा किये उक्त प्रयासो से लिंग अनुपात में सुधार हुआ है और जिलावार विवरण निम्न प्रकार है :–

क्र.सं.	जिले का नाम	लिंग अनुपात जनवरी 2015	लिंग अनुपात जनवरी 2016	मार्च 2017
1.	अम्बाला	942	872	921
2.	भिवानी	845	848	912
3.	फतेहाबाद	903	942	923
4.	फरीदाबाद	823	947	941
5.	गुडगांव	1008	854	816
6.	हिसार	899	926	898
7.	जींद	956	895	905
8.	झज्जर	799	912	937
9.	कैथल	877	908	896
10.	कुरुक्षेत्र	831	896	924
11.	करनाल	916	912	926
12.	नारनौल	800	851	946
13.	पानीपत	952	893	907
14.	पंचकूला	881	892	909
15.	पलवल	910	891	870
16.	रोहतक	871	872	943
17.	रिवाड़ी	682	889	870
18.	सिरसा	949	965	1030
19.	सोनीपत	816	921	880
20.	यमुनानगर	850	881	932
21.	मेवात	974	935	946
.	राज्य (औसत)	882	902	914

2. आपकी बेटी हमारी बेटी

घटते लिंग अनुपात की समस्या को कम करने तथा लड़की के जन्म के प्रति समाज की सोच को बदलने के लिए ''आपकी बेटी – हमारी बेटी'' योजना 22.01.2015 से लागू की गई। पूर्व से चलाई जा रही ''लाडली'' योजना को आपकी बेटी हमारी बेटी में समायोजित किया गया है। योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को पहली बेटी के जन्म पर 21000/– रू0 तथा सभी परिवारों को दूसरी बेटी के जन्म पर 21000/– रू0 की राशि दी जाती है। यह राशि भारतीय जीवन बीमा निगम में एकमुश्त जमा करवाई जाती है तथा बालिका को 18 वर्ष की आयु पूर्ण व अविवाहित होने पर लगभग 1.00 लाख रू0 उसके उपयोग के लिए दी जायेगी। इस स्कीम के अन्तर्गत परिवार में 24.08.2015 को या इसके बाद जन्मी तीसरी बेटी को भी दूसरी बेटी के तर्ज़ पर कवर किया जायेगा। वर्ष 2016–17 के दौरान 93786 बालिकाओं को जिनमें 2012–13 से 2016–17 तक के लाभपात्र भी शामिल हैं, को लाभ प्रदान किया गया। योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 11800.00 लाख रू0 की राशि का रिवाईज्ड बजट में प्रावधान किया गया, जिसमें से 11775.37 लाख रू0 की राशि व्यय की गई।

3. हरियाणा कन्या कोष

''हरियाणा कन्या कोष'' राज्य में बालिकाओं एवं महिलाओं के विकास व उन्नति के लिये गठित किया गया है। इस कोष का उद्‌देश्य है कि बालिकाओं के लिये एक ऐसे वातावरण का निर्माण हो, जहां उन्हें विकास व सशक्तिकरण के समान अवसर मिलें। इस कोष को बालिकाओं के कल्याण एवं अन्य लड़कियों के विकास व उन्नति के लिये उठाये जाने वाले कदमों के लिये प्रयोग किया जायेगा। इस कोष की गतिविधियों के लिए राशि दान, नकद एवं सरचार्ज के माध्यम से प्राप्त की जाती है। राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय गर्वनिंग कमेटी तथा एग्जीक्यूटिव कमेटी का गठन किया गया। अब तक इस कोष के अन्तर्गत 69.41 लाख रू0 की राशि जमा हो चुकी है तथा कोष के नाम से ''बैंक ऑफ इन्डिया'' में खाता भी खोला जा चुका है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ''हरियाणा कन्या कोष सोसायटी'' में दान देने हेतु आम लोगों तथा संस्थाओं से समाचार पत्रों के माध्यम से अपील की गई है। हरियाणा कन्या कोष के पंजीकरण प्रमाण पत्र पर आयकर विभाग द्वारा 12AA Section के तहत छूट दी गई है।

4. सुकन्या समृद्धि खाता योजना

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को पानीपत में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर ''सुकन्या समृद्धि खाता'' योजना की शुरूआत की गई। इस योजना का उद्‌देश्य असंतुलित लिंगानुपात की समस्या से निपटने तथा बेटी के जन्म के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव लाना है। योजना के अंतर्गत बालिका के जन्म से लेकर 10 वर्ष तक की आयु तक खाता खोला जा सकता है। योजना के तहत वर्ष 2015 से मार्च 2017 तक 3,51,963 बालिकाओं के खाते डाकघरों में खुलवाये जा चुके हैं।

5. महिलाओं के लिये ''वन स्टॉप केन्द्र'' की स्थापना

हिंसा से पीड़ित महिलाओं को चरणबद्व तरीके से एक छत के नीचे सभी सुविधाएं जैसे कि चिकित्सा सुविधा, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, मानसिक एवं सामाजिक काउंसलिंग, अस्थाई आवासीय सहायता प्रदान करने के उद्‌देश्य से वन स्टॉप केन्द्र की स्थापना की गई है। राज्य में महिलाओं के लिये वन स्टॉप केन्द्र 'सखी' की स्थापना महिला आश्रम, करनाल में की गई है। स्कीम के अन्तर्गत राज्य में मार्च 2017 तक कुल 315 केसों का निपटान किया गया। उपरोक्त के अलावा वन स्टॉप केन्द्र जिला गुड़गांव, फरीदाबाद, हिसार, रिवाड़ी, भिवानी व नारनौल में भी स्थापित किये जा चुके हैं।

विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाएं

1. समेकित बाल विकास सेवाएं योजना

समेकित बाल विकास सेवाएं योजना सरकार की प्रमुख योजना है। जिसका उद्‌देश्य 0–6 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण स्तर, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक विकास में सुधार करना तथा मृत्यु दर, कुपोषण तथा स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या को कम करना है। समेकित बाल विकास सेवायें योजना 21 शहरी परियोजनाओं सहित 148 परियोजनाओं में 25962 आंगनवाड़ी केन्द्रों जिनमें 512 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र के माध्यम से चलाई जा रही हैं ।

योजना के माध्यम से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सर्वागिण विकास एवं गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं तथा 15–45 वर्ष आयु की अन्य महिलाओं को पूरक पौषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, संदर्भित सेवाएं, स्वास्थ्य एवं पौषाहार शिक्षा तथा 3 से 6 साल के बच्चों को अनौपचारिक पूर्व स्कूल शिक्षा की सेवाएं समेकित रूप से प्रदान की गई । आई. सी. डी. एस. परियोजनाओं एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या का जिलावार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

क्र.सं.	जिले का नाम	आई.सी.डी.एस. प्रोजैक्टों की संख्या	आगंनवाड़ी केन्द्रों की संख्या	
			स्वीकृत	कार्यरत
1	अम्बाला	7	1213	1213
2	भिवानी	12	1916	1916
3	फरीदाबाद	6	1294	1294
4	गुड़गांव	6	1033	1033
5	हिसार	10	1741	1741
6	जीन्द	9	1439	1439
7	कुरूक्षेत्र	6	1075	1075
8	करनाल	7	1482	1482
9	नारनौल	6	1201	1201
10	पानीपत	6	1045	1045
11	पंचकुला	4	534	534
12	रोहतक	6	1004	1004
13	रेवाड़ी	6	1099	1099
14	सोनीपत	9	1482	1482
15	सिरसा	8	1377	1377
16	यमुनानगर	7	1281	1281
17	फतेहाबाद	6	1094	1094
18	झज्जर	7	1130	1130
19	कैथल	7	1264	1264
20	मेवात	7	1150	1150
21	पलवल	6	1108	1108
	कुल	148	25962	25962

जिलावार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के स्वीकृत एवं भरे हुए पदों का विवरण निम्न प्रकार है :–

(मार्च, 2017 की स्थिति)

क्र.स.	जिला का नाम	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता		आंगनवाड़ी सहायिका	
		स्वीकृत पद	भरे हुए पद	स्वीकृत पद	भरे हुए पद
1.	अम्बाला	1213	1206	1168	1162
2.	भिवानी	1916	1902	1884	1869
3.	फरीदाबाद	1294	1271	1279	1232
4.	गुड़गांव	1033	1029	1024	1016
5.	हिसार	1741	1724	1721	1678
6.	जीन्द	1439	1430	1434	1415
7.	कुरूक्षेत्र	1075	1027	1044	1010
8.	करनाल	1482	1477	1457	1440
9.	नारनौल	1201	1185	1195	1163
10.	पानीपत	1045	1040	1040	1028
11.	पंचकुला	534	516	401	387
12.	रोहतक	1004	1002	1000	986

13.	रेवाड़ी	1099	1089	1082	1074
14.	सोनीपत	1482	1464	1480	1453
15.	सिरसा	1377	1073	1346	1280
16.	यमुनानगर	1281	1274	1245	1234
17.	फतेहाबाद	1094	1092	1077	1068
18.	झज्जर	1130	1120	1123	1096
19.	कैथल	1264	1251	1242	1207
20	मेवात	1150	1098	1120	1068
21	पलवल	1108	1077	1088	1025
	कुल	25962	25347	25450	24891

राज्य की 148 परियोजनाओं में 25962 आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कुल लाभार्थी जिसके अन्तर्गत 9.24 लाख छः मास से छः वर्ष आयु तक के बच्चों जिसमें 449296 लड़कियां हैं तथा 133744 गर्भवती महिलाओं एवं 143713 दूध पिलाने वाली माताओं को पूरक पौषाहार दिया गया।

आगंनवाड़ी केन्द्रों के 0–6 वर्ष के 473010 बच्चों को पोलियो व डी.पी.टी, 439627 बच्चों को बी.सी. जी., 460407 बच्चों को खसरे से बचाव के टीके तथा 388706 गर्भवती महिलाओं को टी.टी. के टीके लगवाए गए। वर्ष के दौरान 3 से 6 वर्ष के 318160 बच्चों को अनौपचारिक पूर्व स्कूल शिक्षा के अन्तर्गत लाभ प्रदान किया गया।

i) पूरक पौषाहार

राज्य सरकार द्वारा गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली माताओं को 600 कैलोरीज तथा 18–20 ग्राम प्रोटीन, बच्चों को 500 कैलोरीज तथा 12–15 ग्राम प्रोटीन तथा अत्याधिक कुपोषित बच्चों को 800 कैलोरीज तथा 20–25 ग्राम प्रोटीन 6 रू0 प्रति बच्चा, 7 रू0 प्रति गर्भवती व दूध पिलाने वाली माता तथा 9 रू0 प्रति अतिकुपोषित बच्चे की दर से पूरक पौषाहार (जिसमें निर्धारित नार्मज के अनुसार पोषक तत्व शामिल है) उपलब्ध करवाया गया। वर्ष 2016–17 में 9.24 लाख बच्चों तथा 2.77 लाख गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली माताओं को पौषाहार के अन्तर्गत कवर किया गया।

पूरक पौषाहार में खाने के लिए तैयार पौषाहार जैसे पंजीरी, भरवा पराठा, आलू पूरी, मीठे चावल, मीठा दलिया खिचड़ी, गुलगुले, चना मुरमुरा, मुंगफली मिक्सचर इत्यादि वितरित किये गये। खाद्य सामग्री तैयार करवाने के लिए हैफड से खाद्य तेल व भारत सरकार से बी0पी0एल0 रेट पर चावल तथा गेंहू व राष्ट्रीय लघु उद्योग लि. से डबल फोरटीफाईड नमक तथा अन्य खाद्य सामग्री जिला स्तर पर गठित कमेटी द्वारा खरीदने उपरान्त मदर ग्रुप के माध्यम से तैयार करके 06 मास से 3 वर्ष तक के बच्चों एवं माताओं को टेक होम राशन तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दो बार राशन सुबह स्नैक सहित वितरित किया गया। खाद्य सामग्री तैयार करने वाले मदर ग्रुप को उक्त वित्तीय नार्मज में से 1.60 रूपये प्रति लाभपात्र प्रति दिन मजदूरी, ईधन, पिसाई इत्यादि के लिए दिया गया ।

ii) 0 से 6 वर्ष के आंगनवाड़ी में पंजीकृत बच्चों का आधार नामांकनः–

विशेष अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी में पंजीकृत बच्चों का UIDAI के सौजन्य से व जिला प्रशासन तथा महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से 0–6 वर्ष के 21.46 लाख बच्चों का आधार पंजीकरण किया गया।

iii) पंजीरी प्लांटः–

राज्य में 2 पंजीरी प्लांट गुड़गांव तथा घरौण्डा में चलाये जा रहे हैं, जिनमें समेकित बाल विकास सेवायें योजना के लाभपात्रों के लिए पौष्टिक पंजीरी तैयार की जाती है। इन पंजीरी प्लांटों में वर्ष 2016–17 में कुल 15657.02 क्विंटल पंजीरी का उत्पादन किया गया।

पंजीरी प्लांट गुड़गांव में 6555.32 क्विंटल पंजीरी तथा घरौण्डा में 9101.70 क्विंटल पंजीरी का उत्पादन किया गया। वर्ष 2016–17 में पंजीरी प्लांट, गुड़गांव 210 दिन तथा घरौण्डा प्लांट 267 दिन चालू रहा।

iv) साक्षर महिला समूह

साक्षर महिला समूहों द्वारा गांव में मुख्य मुद्दे जैसा कि लिंग अनुपात, साक्षरता, प्राथमिक शिक्षा का सर्वभौमीकरण, स्वास्थ्य तथा पौषाहार शिक्षा, महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर, स्वच्छता एवं सफाई, पर्यावरण व सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं व बालिकाओं एवं बच्चों व ग्रामीण समुदाय के विकास की योजनाओं आदि के बारे चेतना जागृत की गई। वर्ष 2016–17 में 5899 साक्षर महिला समूहो पर 15.00 लाख रू0 व्यय किए गए।

v) दिवस एवं सप्ताह

वर्ष 2016–17 के दौरान राज्य में स्तनपान सप्ताह, राष्ट्रीय पौषाहार सप्ताह, बाल दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस आदि मनाए गए। 1–7 अगस्त 2016 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया था। इस अवसर पर गांव व ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य अमले के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्तनपान के बारे में प्रचार किया गया। 1–7 सितम्बर, 2016 तक राष्ट्रीय पौषाहार सप्ताह मनाया गया था। इस अवसर पर अच्छे भोजन के बारे में गांव स्तर पर कैम्प लगा कर तथा ब्लॉक स्तर पर विभिन्न स्लोगन प्रतियोगिता, कम मूल्य की रैस्पी, गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं व बच्चों की पौषाहार आवश्यकता बारे प्रचार किया गया।

vi) आई0सी0डी0एस0 योजना के अन्तर्गत व्यय

वर्ष 2016–17 के दौरान आई.सी.डी.एस. योजना पर किए गए व्यय का विवरण निम्न प्रकार हैः–

(लाख रू0 में)

योजना	स्टेट प्लान	सैन्ट्रल प्लान	नॉन प्लान	कुल
आई.सी.डी.एस.	9331.38	13298.94	19725.71	42356.03
पूरक पौषाहार	6299.26	6299.26	178.23	12776.75
कुल	15630.64	19598.20	19903.94	55132.78

vii) आंगनवाडी कार्यकर्त्री बीमा योजना

भारतीय जीवन बीमा निगम तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से आंगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा हैल्परों के लिए बीमा योजना का संचालन किया गया। यह योजना 18–59 आयु वर्ग की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं व हैल्परों के लिए 2013 तक निःशुल्क थी। वर्ष 2016–17 में 91 लाभपात्रों को प्राकृतिक मृत्यु के कारण 28.65 लाख रू0 की राशि प्रदान की गई । इसके अतिरिक्त 425 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बच्चों को 5.10 लाख रू0 की राशि वजीफे (स्कॉलरशीप) के रूप में प्रदान की गई।

viii) सुरक्षित भविष्य योजना

राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों तथा हैल्परों के कल्याण हेतु सुरिक्षत भविष्य योजना के अंतर्गत वर्ष 2016–17 में 612.82 लाख रूपये की राशि व्यय की गई तथा 48599 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व हैल्पर को लाभ प्रदान किया गया ।

ix) आई.सी.डी.एस. कार्यकताओं हेतू प्रशिक्षण प्रोग्राम

आई0सी0डी0एस0 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना एक नियमित गतिविधि है तथा प्रशिक्षण देने के लिए राज्य में कुल 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे है जिनमें से 8 हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा तथा दो प्रशिक्षण केन्द्र ''कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक निधि'' द्वारा रादौर में चलाए जा रहे हैं। वूमैन एवैयरनैस एण्ड मैनेजमैंट अकादमी (वामा), राई जिला सोनीपत के माध्यम से आई0सी0डी0एस0 सुपरवाईजरों के लिए एक मध्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र भी चलाया जा रहा है।

वर्ष 2016–17 में 292 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 141 सुपरवाईजरों को कार्य प्रशिक्षण, 386 सहायिकाओं को ओरियन्टेशन कोर्स तथा 100 सुपरवाईजरों, 3888 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, 5303 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिलवाया गया। विभाग के द्वारा नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों हेतू 270.51 लाख रूपये जारी किये गये जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

क्रमांक	संस्था का नाम	राशि ;लाख रूपए में द्ध
1.	हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चण्डीगढ़	199.51
2.	कस्तूरबा गांधी नैशनल मैमोरियल ट्रस्ट, रादौर I व II	54.00
3.	मिडल लेवल ट्रेनिंग सैन्टर, वामा, राई, (सोनीपत)	17.00
	कुल	270.51

2. आँगनवाड़ी भवनों का निर्माण

सरकार द्वारा बच्चों को स्वच्छ एवं साफ–सुथरा वातावरण प्रदान करने एवं उनके लिए एक परिसम्पति सृजित करने हेतू आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की योजना चलाई गई। सरकार द्वारा यह महसूस किया गया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपने भवनों में चलाये जाने से महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित योजनाओं को अच्छे तरीके से लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति की लिये इसे मिशन मोड में लागू किया गया है तथा 9.95 लाख रू0 प्रति आगंनवा़डी केन्द्र की दर से भवन निर्माण की योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 1339 आंगनवाड़ी केन्द्रों को पूरा करने के लिए 103.20 करोड़ रू0 की राशि जारी की गई जिस में से 70.80 लाख रू0 की राशि खर्च की गई है वर्तमान में 5834 आंगनवाड़ी केन्द्र अपने भवनों में चल रहे हैं।

आँगनवाड़ी केन्द्रों की लोकेशन

कार्यरत आंगनवाड़ी केन्द्र	सरकारी भवनों में आंगनवाड़ी केन्द्र				गैर सरकारी भवनों में आंगनवाड़ी केन्द्र		
	विभागीय भवनों में	सरकारी भवनों में	स्कूलों में	कुल	समुदायिक / गैर सरकारी (बिना किराये) भवनों में	गैर सरकारी / किराये के भवनों में	कुल
25962	5834	2458	1172	9464	9954	6544	16498

3. गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतू ऑप्रेशन मुस्कान

महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा तथा पुलिस विभाग को संयुक्त प्रयासों से राज्य में गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु ऑप्रेशन मुस्कान चलाया गया। गुमशुदा बच्चे जोकि रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बाजार, अस्पताल, ढाबे, भटठों, धार्मिक स्थानों तथा सड़को आदि पर रहते है की पहचान करके उन्हें उनके माँ–बाप या संरक्षक को सौंपा जाता है। राज्य में 4314 गुमशुदा बच्चों की पहचान की जा चुकी है जिसमें से 3840 बच्चों को उनके मॉ–बाप या संरक्षक को सौंपा जा चुका है।

4. अनाथ एवं एकल अभिभावक बच्चों का सर्वेक्षण

0–18 वर्ष के अनाथ एवं एकल अभिभावक वाले बच्चों को आर्थिक अनुदान प्रदान करने के उद्देश्य से एक सर्वेक्षण किया गया। जिसमें 1.25 लाख परिवारों में रह रहे 2.23 लाख अनाथ/एकल अभिभावक वाले बच्चों की पहचान की गई और उनके नाम आधार नं0, फोटोग्राफ व अभिभावक के मोबाईल नं0 के साथ कम्पयूटर में दर्ज किए गए जिससे सामाजिक न्याय विभाग व शिक्षा विभाग को आंकड़ा उपलब्ध करवा कर बच्चों को सशक्त किया जा सकेगा।

5. यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा के लिए अधिनियम 2012

राज्य सरकार यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा के लिए अधिनियम 2012 को लागू करने के लिए वचनबद्ध है ताकि बच्चो को एक रक्षात्मक वातावरण प्रदान किया जा सके। इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जागरूकता हेतु प्रचार किया जा रहा है। हरियाणा राज्य पहला ऐसा राज्य है जिसमें बडे पैमाने पर सार्वजनिक शिवरों, रेडियों जिंगल तथा सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में यौन अपराध अधिनियम से सम्बन्धित विज्ञापन का वितरण तथा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। वर्ष के दौरान 2594 जागरूकता शिवरों का आयोजन किया गया जिनमें 3,72,362 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। राज्य सरकार द्वारा न्यायालय में केसों को शीघ्र निपटाने हेतू जिला स्तर पर फास्ट ट्रैक कोर्ट व चिल्ड्रन कोर्ट/स्पेशल कोर्ट का गठन भी किया गया।

6. किशोरी शक्ति योजना

समाज में किशोरियों के स्वास्थ्य स्तर, सामाजिक एवं पोषण स्तर को सुधारने एवं उनके स्वास्थ्य स्वच्छता तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने एवं विशेष रूप से 11–18 वर्ष की आयु किशोरियों में व्याप्त पोषण, अरक्तता को दूर करने के उद्देश्य से राज्य के 14 जिलों क्रमंशः भिवानी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुडगांव, झज्जर, जीन्द, करनाल, कुरूक्षेत्र, मेवात, नारनौल, पलवल, पंचकूला, पानीपत, सिरसा व सोनीपत के 87 आई0सी0डी0एस0 प्रोजैक्टों में चलाई गई। स्कीम के अन्तर्गत सेवाएं 10 प्रतिशत आंगनवाड़ी केन्द्रों में 6 मास के लिए 20 किशोरी बालिकाओं का 1573 बालिका मण्डल बनाकर प्रदान की गई। लड़कियों को 5.00 रू0 प्रतिदिन प्रति लाभपात्र की दर से पूरक पौषाहार भी दिया गया। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 47,4.50 लाख रू0 का प्रावधान किया गया जिसमें से 311.56 लाख रू0 पूरक पौषाहार पर राज्य सरकार के हिस्से के रूप में व्यय किये गये। योजना के अन्तर्गत 54,841 बालिकाओं को पूरक पौषाहार और 56,919 बालिकाओं को गृह आधारित कुशलताओं पर प्रशिक्षण देने के साथ–2 स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौषाहार एवं बाल देखभाल आदि के ज्ञान से सुसज्जित किया गया।

7. किशोरी बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए राजीव गांधी योजना (सबला)

यह योजना 6 जिलों अम्बाला, हिसार, रिवाड़ी, रोहतक, यमुनानगर तथा कैथल में चलाई गई। इस योजना से किशोरी बालिकाओं को अपनें विकास तथा सशक्तिकरण, जीवन निपुणता तथा व्यवसायिक निपुणता को बढ़ाने, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौषाहार, प्रजनन, बाल देख–रेख के प्रति जानकारी में सक्षम किया गया तथा स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं को ओपचारिक/अनौपचारिक शिक्षा प्रदान की गई। योजना के अर्न्तगत पौषाहार के तहत 1,65,136 बालिकाओं को लाभ दिया गया। इस योजना के तहत वर्ष 2016–17 में 1133.69 लाख रू0 खर्च किए गए।

8. इन्दिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना

इन्दिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है, इस योजना के तहत खर्चा 60:40 प्रतिशत केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। यह परियोजना सर्वप्रथम पंचकूला जिले में पायलट परियोजना के रूप में लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत दूध पिलाने वाली महिला को 6000/–रू0 की राशि दो किस्तों में दी जाती है। पहली किस्त तीसरी तिमाही में तथा दूसरी किस्त छः महीने प्रसव के बाद मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष शर्तो को पूरा करने उपरान्त दी जाती है।

गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली महिला लाभार्थियों को देय राशि हस्तांतरित किए जाने के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं को क्रमशः 200 एवं 100 रू0 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है ।

वर्ष 2016–17 में 10,936 लाभप्राप्तकर्ताओं को (किस्तों के आधार पर) कवर किया गया। इनमें से 3806 लाभप्राप्तकर्ताओं को पूर्ण लाभ देते हुए 270.38 लाख रू0 की राशि व्यय की गई ।

9. राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग

राज्य सरकार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 17(1) के अंतर्गत राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग का गठन किया गया, जिसका मुख्यालय पंचकूला में है। आयोग में अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने बारे कार्य किये गये।

10. समेकित बाल संरक्षण योजना (आई.सी.पी.एस.)

योजना के तहत जरूरतमंद बच्चों की देखरेख व कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों से संबंधित विभिन्न योजनाओं को कवर किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य संरक्षण समिति के माध्यम से चलाया गया। जिला स्तर पर इस योजना को लागू करने के लिए जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया। राज्य स्तर पर राज्य परियोजना खेल इकाई की स्थापना की गई। बाल देखरेख संस्थानों का उचित मूल्यांकन तथा नियमित निरीक्षण हेतु जिला स्तर तथा राज्य स्तर निरीक्षण कमेटियों को अधिसूचित किया गया। जिला स्तर पर गठित कमेटियों द्वारा 385 तथा राज्य स्तर की कमेटियों द्वारा 126 निरीक्षण किये गये। किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा पोक्सो एक्ट 2012 विषय पर डिविजनल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। विभाग द्वारा बाल कल्याण संस्थानो में रह रहें संवासियों को अर्न्तराष्ट्रीय क्राफट मेला सूरजकुंड फरीदाबाद का विजिट करवाया गया। राज्य में कुल 78 बाल देखरेख संस्थायें स्वैच्छिक सस्थाओं द्वारा चलाई गई। राज्य सरकार द्वारा बच्चो तथा महिलाओ की देख रेख एवं संरक्षण के लिए निम्न होम/गृह चलाये गयेः–

i) निरीक्षण गृहः– किशोर न्याय मण्डल के माध्यम से किशोर न्याय प्रणाली में आने वाले कानूनी रूप से विवादित बच्चों को उनके विरूद्ध जांच के दौरान पर्याप्त आवासीय देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता होती है, जोकि किशोर न्याय बोर्ड बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत की जा रही है। इस अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले बच्चों को अस्थाई रूप से रखने के लिए विभाग द्वारा अम्बाला, हिसार एवं फरीदाबाद में तीन निरीक्षण गृह बालकों के लिए हैं तथा एक निरीक्षण गृह बालिकाओं के लिए जो कि करनाल में है स्थापित किये गये हैं। इन निरीक्षण गृहों की स्थापना तथा विभिन्न सुविधाओं के लिए राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है।

ii) विशेष गृहः– किशोर न्याय मण्डल (Juvenile Justice Board) द्वारा कानून के साथ विवादित बच्चों को लम्बे समय तक पुनर्वास एंव संरक्षण देने के लिए संस्थागत सेवाओं की आवशकयता होती है। इन बच्चों को ग्रहण करने तथा इन्हें पुनर्वास देने के लिए विभाग द्वारा 50 बच्चों की क्षमता का एक विशेष गृह (जिला सोनीपत में) स्थापित किया गया है। इनकी स्थापना तथा विभिन्न सुविधाओं के लिए राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है।

iii) स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे गृह

(क) आश्रय गृह रिवाड़ी तथा छछरौली

आश्रय गृह रिवाड़ी में संवासियों की क्षमता 25 तथा छछरौली में संवासियों की क्षमता 50 है जिसके विरूद्व वर्ष 2016–17 में रिवाड़ी में 10 तथा छछरौली में 36 संवासियों को प्रवेश दिया गया। आश्रम गृह रेवाडी को वर्ष 2016–17 में नान प्लान के अर्न्तगत 2.70 लाख रू0 और प्लान के अर्न्तगत 12.02 लाख रू0 सहायक अनुदान दिया गया । इसी प्रकार आश्रम गृह छछरौली को नान प्लान में 5.40 लाख और प्लान में 27.72 लाख रू0 सहायक अनुदान दिया गया ।

(ख) बाल गृह रिवाड़ी तथा छछरौली

बाल गृह रिवाड़ी में 50 संवासियों तथा बाल गृह छछरौली में 100 संवासियों की क्षमता के विरूद्व वर्ष 2016–17 में बाल गृह रिवाड़ी में 24 तथा बाल गृह छछरौली में 68 संवासियों को प्रवेश दिया गया। बाल गृह रेवाडी को वर्ष 2016–17 में नान प्लान के अर्न्तगत 5.40 लाख रू0 और प्लान में 23.34 लाख रू0 सहायक अनुदान के रूप में स्वीकृत किए गए। इसी प्रकार बाल गृह छछरौली के लिए नान प्लान के अर्न्तगत 10.80 लाख रू0 और प्लान के अर्न्तगत 39.54 लाख रू0 सहायक अनुदान दिया गया आश्रय गृह छछरौली को 15.40 लाख रू0 और रिवाड़ी को वर्ष 2016–17 में 2.70 लाख रूपयें का सहायक अनुदान स्वीकृत किया गया।

राज्य के प्रत्येक जिले में संबंधित उपायुक्त की अध्यक्षता में ''बाल कल्याण समितियां'' गठित की गई है जो उपेक्षित बच्चों के मामलों में विचार करके उन्हें आश्रय गृह छछरौली/रिवाड़ी में प्रवेश हेतु भेजते है। राज्य में निम्न स्वैच्छिक संस्थाओं को बच्चों को गोद लेने हेतु प्लेसमेंट एजैन्सी के तौर पर अधिसूचित किया गया है :–

1. हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्, चण्डीगढ़ – बच्चों को देश/विदेश में गोद देने हेतू।
2. बाल ग्राम राई, सोनीपत – देश में गोद देने हेतू।
3. दत्तक ग्रहण एजेन्सी, फरीदाबाद–देश में गोद लेने हेतू।

(क) निराश्रित एवं अनाथ बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल स्कीम

निराश्रित एवं अनाथ बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल स्कीम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी तथा अर्ध सरकारी संस्थाओं के निराश्रित एवं अनाथ बच्चों के रख–रखाव तथा प्रशासकीय खर्चे हेतु सहायक अनुदान की राशि प्रदान की जाती है । अर्ध सरकारी संस्थाओं के निराश्रित एवं अनाथ बच्चों के लिए 90 प्रतिशत सहायता राशि सहायक अनुदान के रूप में प्रदान किया जाता है तथा शेष 10 प्रतिशत खर्चा संस्थाओं द्वारा स्वंय वहन किया जाता है। सरकारी तथा अर्ध सरकारी संस्थाओं के बच्चों के रख–रखाव हेतु 1000/– रूपये प्रतिमास प्रति बच्चा नान प्लान स्कीम से सहायक अनुदान स्वीकृत किया जाता है।

अप्रैल, 2010 से भारत सरकार द्वारा संचालित समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आई0सी0पी0एस0)लागू किया गया । योजना के तहत जरूरतमंद बच्चों की देखरेख व कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों से संबंधित विभिन्न योजनाओं को कवर किया गया । समेकित बाल संरक्षण स्कीम लागू होने के कारण वर्ष 2013–14 से स्वैच्छिक संस्थाओं को भारत सरकार से सहायक अनुदान स्वीकृत किया जाने लगा। वर्ष 2016–17 में स्वैच्छिक/सरकारी तथा अर्ध सरकारी संस्थाओं को 4,69,34,428/- रूपये की सहायक अनुदान राशि स्वीकृत की गई ।

(ख) बाल ग्राम राई, सोनीपत

बाल ग्राम राई सोनीपत में अनाथ, बेसहारा एवं गुमशुदा 0–21 वर्ष तक की लड़कियों को रखे जाने का प्रावधान है। इस संस्था में लड़कियों को उनका पालन–पोषण, शिक्षा, खा़द्य सामग्री, वस्त्र, जूते, चिकित्सा प्रशासकीय खर्चे जैसे अमले के वेतन, उच्च शिक्षा, यात्रा खर्च, टेलीफोन बिल, बिजली बिल तथा संस्था के अन्य खर्चो हेतु सहायक अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2016–17 में इस संस्था को राज्य सरकार द्वारा नॉन प्लान बजट से बच्चों के रख–रखाव हेतु अनुदान 9,60,000/–रूपये तथा आई0सी0पी0एस0 प्लान बजट से 29ए77ए040६ लाख रूपये का सहायक अनुदान रिलीज किया जा चुका है तथा संस्था के प्रशासकीय खर्चे जैसे अमले के वेतन, उच्च शिक्षा, यात्रा खर्च, टेलीफोन बिल,बिजली बिल तथा संस्था के अन्य खर्चो हेतु 35.00 लाख रूपये का सहायक अनुदान स्वीकृत ंकिया गया ।

(ग) हरियाणा राज्य बाल भवन मधुबन, करनाल

हरियाणा राज्य बाल भवन मधुबन करनाल में अनाथ एवं बेसहारा 7–18 वर्ष तक के लड़को को रखे जाने का प्रावधान है। बच्चों के पालन–पोषण, शिक्षा, वस्त्र, जूते, चिकित्सा प्रशासकीय खर्चे जैसे अमले के वेतन, यात्रा खर्च, टेलीफोन बिल ,बिजली बिल तथा संस्था के अन्य खर्चो हेतु सहायक अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2016–17 में इस संस्था को राज्य सरकार द्वारा नॉन प्लान बजट से बच्चों की रख–रखाव हेतु अनुदान 06,84,000/–रूपये तथा आई0सी0पी0एस0 प्लान बजट से 19ए57ए600६ लाख रूपये का सहायक अनुदान रिलीज किया जा चुका है तथा संस्था के प्रशासकीय खर्चे जैसे अमले के वेतन, उच्च शिक्षा, यात्रा खर्च, टेलीफोन बिल, बिजली बिल तथा संस्था के अन्य खर्चो हेतु 30.00 लाख रूपये का सहायक अनुदान स्वीकृत ंकिया गया । वर्ष 2016–17 में 57 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया गया।

11. ग्रामीण किशोरी बालिकाओं को पुरस्कार

बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 'ग्रामीण किशोर बालिकाओं को पुरस्कार' की योजना चलाई गई । इस योजना के अन्तर्गत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रत्येक ग्रामीण खण्ड की तीन बालिकाओं को क्रमशः 2,000/–रु0,1,500/–रु0 व 1,000/–रु0 एंव बारहवीं की परीक्षा में क्रमशः 3,000/–रु0,2,500/–रु0 व 2,000/–रु0 पुरस्कार में दिए जाते थे । इस योजना के तहत दिए जाने वाली राशि को बढाया गया है जो कि निम्न प्रकार से है:–

कक्षा	पुरस्कार राशि		
